भण्डार विभाग के उद्देश्य (Objectives) :

भण्डार विभाग अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सतत् रूप से प्रयासरत हैं। संक्षेप में, भण्डार विभाग के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं –

(i) भण्डार और सामानों के संबंध में विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं को मालूम करना,

(ii) भण्डार को खरीदने अथवा कारखानों द्वारा बनवाने के लिए अनुमान (Estimate) तैयार करना,

(iii) उचित कीमतों पर इच्छित गुणवत्ता का भण्डार प्राप्त करना,

(iv) भण्डार की मांगी गई मात्रा का त्वरित और कुशलतापूर्वक आपूर्ति करना,

(v) इनवेण्टरी में निवेश के आर्थिक स्तर को बनाए रखना,

(vi) भण्डार की प्राप्ति, निरीक्षण एवं भण्डारण करना और विभिन्न उपभोक्ताओं को उनकी मांग के अनुसार वितरित करना,

(vii) रद्दी भण्डार की पहचान करना और उसका एवं अन्य अप्रचलित भण्डार का शीघ्र निपटान करके रेलवे को उचित लाभ पहुँचाना,

(viii) सामानों की आपूर्ति के लिए विदेशी खरीद की बजाय स्वदेशी उद्योगों को विकसित करना, एवं

(ix) सामानों की सहज उपलब्धता के लिए बाजार से निरन्तर सम्पर्क बनाए रखना।